महत्वपूर्ण एवं खास

रायगढ़ में कम्प्यूटर ऑपरेटर और दो पहिया वाहन मरम्मत का निशुल्क प्रशिक्षण

सारंगढ़ बिलाईगढ़। रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार को शिक्षित बेरोजगार युवक, महिला एवं पुरुष के लिए 30 दिवसीय प्रशिक्षण अंतर्गत दो पहिया वाहन मरम्मत 21 फरवरी 2024 से निशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ है और कम्प्यूटर डाटा एंट्री ऑपरेटर का प्रशिक्षण 26 फरवरी से प्रारंभ होगा, जिसमें प्रशिक्षण के लिए इच्छुक भारतीय स्टेट बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, टीवी टॉवर रोड क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे अतरमुडा रायगढ़ में और वाट्सअप नंबर 7974942078 पर भी सभी दस्तावेज भेजकर पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना (आवासीय), खाना एवं सीखना पूर्णतः निशुल्क हैं। प्रशिक्षण कार्यकम के लिये 35-35 सीट निर्धारित है। सहायक संचालक कौशल विकास पुरूषोत्तम स्वर्णकार ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम आठवीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ आवेदन करना होगा। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी 7974942078, 8656919787, 7999984982 में संपर्क कर सकते हैं। विशेष रोजगार गारंटी के तहत् एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन कार्य किया है, तो उसे रोजगार गारंटी के तहत् प्रति दिवस 221 की दर से 30 दिवस का भत्ता भी प्रदान किया जायेगा।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हादसे में पति-पत्नी की मौत, एक गंभीर

कोरबा (आरएनएस)। जिले में दर्दनाक सडक़ हादसा हुआ है. एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौत हो गई है. वहीं एक को गंभीर चोट आई है. घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. यह मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम सगुना में एक ही परिवार के तीन लोग बाइक पर सवार होकर जा रहे थे. तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को चपेट में ले लिया. हादसे में पति और पत्नी की मौत हो गई. जबकि नाती को गंभीर चोट आई है. घायल महिला और पुरुष की कटघोरा ष्ट।ष्ट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. बताया जा रहा है कि बाइक सवार कटघोरा से ग्राम आछीदादर की ओर जा रहे थे उसी दौरान सगुना के पास हादसे का शिकार हो गए. मामले में कटघोरा पुलिस शव का पंचनामा कर आगे की कार्रवाई करने में जुटी हुई है.

पीडिया के जंगल में पुलिस-नक्सल मुठभेड़

दंतेवाड़ा-रायपुर (आरएनएस)। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज सर्चिंग पर निकले जवानों का नक्सलियों से मुठभेड़ हो गया। यह मुठभेड़ दंतेवाड़ा और बीजापुर के सीमावर्ती इलाकों में होने की सूचना मिली है। जानकारी के अनुसार बस्तर फाइटर्स, डीआरजी, सीआरपीएफ दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के जवानों की संयुक्त टीम बुधवार को गंगालूर क्षेत्र के पीडिया के जंगलों में सर्चिंग पर निकली थी। इसी दौरान गंगालूर क्षेत्र के पीडिया के जंगलों में घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर हमला बोल दिया। जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। फिलहाल नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो रही है। इस नक्सल आपरेशन में कई नक्सलियों के घायल होने का दावा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि चैतू दादा जैसे बड़े नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर दोनों जिले से जवानों को आपरेशन के लिए भेजा गया।

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के विभागों के लिए 3608 करोड़ रूपए से अधिक की अनुदान मांगे पारित, सकर्रा और चकरभाठा को उप तहसील बनाने की घोषणा

- दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना के लिए 500 करोड़ रूपए का प्रावधान
- नगरीय क्षेत्रों के ग्रामों में चांदा-मुनारा की पुर्नस्थापना के लिए 16 करोड़ रूपए
- ओलंपिक और पारंपरिक खेलों के लिए 20 करोड़ रूपए का प्रावधान
- युवा महोत्सव के लिए 4 करोड़, खेल पुरस्कारों के लिए 5 करोड़, खेल संघों एवं संस्थाओं को अनुदान के लिए 2 करोड़ रूपए का प्रावधान

रायपुर। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा के विभागों के लिए 3608 करोड़ 47 लाख 81 हज़ार रुपए की अनुदान मांगे छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज सर्वसम्मति से पारित की गई। इनमें भू-राजस्व तथा जिला प्रशासन के लिए 2072 करोड़ 16 लाख 69 हजार रुपए, राजस्व विभाग से संबंधित व्यय के लिए 30 करोड़ 23 लाख 22 हज़ार रुपए, प्राकृतिक आपदाओं एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत पर व्यय के लिए 1433 करोड़ 38 लाख 73 हज़ार रुपए और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के लिए 72 करोड़ 69 लाख 17 हज़ार रुपए शामिल है। अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की मांगों से विभागीय मंत्री को अवगत कराया और सुझाव भी दिए। अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए राजस्व मंत्री वर्मा ने मुंगेली जिले के चकरभाठा और बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के सकर्रा में उप तहसील कार्यालय खोलने की घोषणा की।

भू-राजस्व तथा जिला प्रशासन

राजस्व मंत्री वर्मा ने भू-राजस्व तथा जिला प्रशासन की अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में कहा कि राजस्व विभाग भूमि संबंधी अभिलेखों का संधारण करता है, वहीं शासन की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन एवं उसे आम जनता तक पहुंचाने का काम राजस्व विभाग के माध्यम से किया जाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार आम जनता की आवश्यकता को देखते हुए उन्हें अधिक से अधिक सुविधाएं पहुंचाने विभागीय नियमों व प्रक्रियों में लगातार सुधार एवं उन्नयन करते हुए नवीन तकनीक का उपयोग कर रही है। इसके लिए बजट में अनेक प्रावधान किए गए हैं।

श्री वर्मा ने सदन में कहा कि ऑनलाइन नागरिक सुविधाओं के लिए अभिलेखों के दुरुस्तीकरण, हस्ताक्षरयुक्त खसरा एवं बी-1 डिजिटल कापी, ई-कोर्ट में विचाराधीन प्रकरणों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार गरीबों और मजदूरों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। हमारी सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय कृषि कल्याण के लिए 500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत पंजीकृत किसानों को 10 हजार रूपए वार्षिक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पटवारी नक्शों के जियोरिफ्रेसिंग कार्य के लिए 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है। भूमि व्यपवर्तन की प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए 2 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। नगरीय क्षेत्रों के ग्रामों में चांदा-मुनारा के लिए 16 करोड़ रूपए, प्रदेश के सभी तहसील कार्यालयों में कम्प्यूटर, प्रिंटर आदि के लिए 115 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। नवगठित अनुविभागों एवं तहसीलों के कार्यालय भवन हेतु 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है। राजस्व मंत्री वर्मा ने राहत एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में कहा कि मुख्यमंत्री साय की नेतृत्व वाली हमारी सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित पीड़ितों के हितों की भी चिंता की है। वर्ष 2024-25 के बजट में राज्य आपदा मोचननिधि के लिए 533 करोड़ 60 लाख रुपए तथा राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के लिए 50 करोड़ रुपए, राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के लिए 133 करोड़ 40 लाख रूपए, निर्देशन व प्रशासन के लिए 3.26 करोड़ रूपए तथा आपदाओं का विश्लेषण एवं योजना तैयार करने के लिए 58 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री वर्मा ने विभागीय अनुदान मांगों की चर्चा के उत्तर में कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में हमारी सरकार युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में ओलंपिक खेलों को प्रोत्साहन और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना शुरू की जाएगी। इसके लिए 20 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। कला, साहित्य, खेल एवं समाज सेवा के क्षेत्र में युवाओं के योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए युवा रत्न सम्मान योजना हेतु एक करोड़ 50 लाख रूपए, छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की आवासीय खेल अकादमी प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 10 करोड़ 65 लाख से अधिक की राशि प्रावधानित है।

राज्यपाल ने ''द बर्डस् इन द स्टार्म'' पुस्तक का किया विमोचन

- राजभवन में हुआ साहित्यिक कार्यक्रम
- छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के साहित्यकारों की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने गत दिवस राजभवन में डॉ. भगवान जयसिंह द्वारा संपादित पुस्तक ''द बर्डस् इन द स्टार्म का विमोचन किया। डॉ जयसिंह ओडिया भाषा के प्रसिद्ध कवि एवं अनुवादक हैं। इस पुस्तक में अनेक विख्यात ओडिया कवियों की लगभग 80 कविताओं का संकलन किया गया है।

कार्यक्रम में माधव कौशिक, अध्यक्ष केन्द्रीय साहित्य अकादमी सहित छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के अनेक साहित्यकार एवं लेखक उपस्थित थे।

राज्यपाल हरिचंदन ने डॉ. जयसिंह को उनके उत्कृष्ट लेखन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि डॉ. जयसिंह एक बहुत अच्छे अनुवादक हैं। डॉ. जयसिंह ने राज्यपाल की आत्मकथा ''बैटल नॉट यट ओवर'' का ओडिया से अंग्रेजी में उत्कृष्ट श्रेणी का अनुवाद किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के साहित्यकारों का अभिवादन किया और कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति पर खुशी व्यक्त की। डॉ. जयसिंह ने पुस्तक के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर डॉ. माधव कौशिक ने कहा कि यह हम सब के लिए सौभाग्य की बात है कि राज्यपाल हरिचंदन कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ ही प्रख्यात लेखक, नाटककार, स्तंभकार भी हैं, जो साहित्य जगत के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। वे राजनीति और साहित्य के मध्य सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने डॉ. जयसिंह के संबंध में कहा कि अनुवादक साहित्य जगत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। अनुवाद के माध्यम से ही दुनिया एक दूसरे से जुड़ी हुई है। अनुवादक वास्तव में मिशनरी की तरह कार्य करते हैं। ''द बर्डस् इन द स्टार्म'' पुस्तक की समीक्षा डॉ. चितरंजन कर ने प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में शकुंतला कौशिक, प्रो. रामेन्द्रनाथ मिश्र, चितरंजन कुमार शिक्षाविद्, बलदेव भाई शर्मा कुलपति, त्रिलोक चंद्र महावर, संजीव बख्शी सहित अन्य साहित्यकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बिजयानंद सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन सुशीर कुमार स्वाइन ने किया।

उल्लेखनीय है कि डॉ जयसिंह एक कवि, आलोचक, संपादक, अनुवादक ने साहित्यिक जीवन में कई उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उनके ओडिया में कविता के नौ संग्रह, अंग्रेजी और अंग्रेजी अनुवाद में आठ, एक यात्रा वृतांत के अलावा अंग्रेजी में आलोचना की दो किताबें शामिल हैं। उनकी कविता की पुस्तकों में शामिल हैं निरबासनरे पक्षी (निर्वासन में पक्षी), मायाघेरारे कालिदास (माया के घेरने वाले जाल में कालिदास), फेरंती घर (होमबाउंड ट्रैवलर)। अमेरिका स्थित प्रकाशक ने अंग्रेजी में कविताओं का एक संग्रह द डैपल्स ऑफ डार्कनेस प्रकाशित किया है। डॉ. जयासिंह को ओडिशा साहित्य अकादमी पुरस्कार, विष्णु ''झंकार'' पुरस्कार, उत्कल साहित्य समाज पुरस्कार के अलावा हाल ही में पंडित गोदाबरीश मिश्र सम्मान (सरला साहित्य संसद, कटक) पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से नागरिकों को मिलेगी मुफ्त बिजली

- घरों में सोलर संयंत्र स्थापित करने मिलेगा अनुदान

कांकेर (आरएनएस)। केन्द्र सरकार द्वारा देश के नागरिकों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। केन्द्र सरकार ने देशभर के 1 करोड़ घरों को योजना से जोडऩे का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के 1 लाख घरों को योजना से जोडऩे का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजनांतर्गत घरों की छत पर ऑनग्रिड सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना की जाएगी। इसके लिए हितग्राहियों को 02 किलोवॉट तक के सोलर संयंत्र पर प्रतिकिलो वॉट 30 हजार रूपए प्रतिकिलो वॉट, 02 किलोवॉट तक और 03 किलोवॉट के लिए 18 हजार, इस तरह 03 किलोवॉट तक के संयंत्र के लिए अधिकतम 78 हजार रूपये की केन्द्रीय अनुदान प्रदान की जाएगी। उक्त योजनांतर्गत सस्ते ब्याज पर लोन भी उपलब्ध होगा। इस योजना का लाभ लेने हेतु पीएम सूर्य घर योजना की वेबसाईट चउेनतलंहींतण्हवअण्पद पर लॉगिन कर आवेदन किया जा सकता है।

बिरनपुर हत्याकांड की होगी सीबीआई जांच : गृहमंत्री

- विधानसभा में हत्याकांड की गूंज

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के साजा विधायक ईश्वर साहू ने आज सदन में बिरनपुर हत्याकांड का मुद्दा उठाते हुए सदन का ध्यान आकृष्ट कराया। साहू ने सदन में कहा कि इसमें 36 आरोपियों का नाम दिया था 12 को ही गिरफ्तार किया गया, बाकी आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई?

इस पर प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने अब तक की कार्यवाही की जानकारी दी। 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। विवेचना जारी है, चालान भी पेश कर दिया गया है। ईश्वर ने कहा की अंजोर यदू की वजह से माहौल बिगड़ा उसकी गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। ऐसा पहली बार हो रहा है कि मृतक के पिता विधायक के रूप में ये मामला उठा रहे। ईश्वर ने पूछा की गांव के विशेष समुदाय के लोगों से हथियार जब्त क्यों नहीं किया गया। मंत्री ने कहा कि गांव में कोई अवैध नहीं है। एक बार फिर से गांव में तलाशी की जाएगी। ईश्वर ने पूछा कि मुझे जब तक न्याय जब तक मिलेगा। गृह मंत्री ने भरोसा दिलाया कि ईश्वर से आपको न्याय मिलेगा और उसके लिए जो भी कार्रवाई करनी होगी हो की जाएगी। ईश्वर ने पूछा कि क्या इस मामले की सीबीआई जांच कराई जाएगी। गृह मंत्री ने कहा कि इस मामले एसआईटी की जांच की जा रही है। गृहमंत्री ने इस मामले की सीबीआई जांच कराए जाने की घोषणा की।

महतारी वंदन योजना के लाभ के लिए जमा आवेदन में बैंक खाता से जुड़े मोबाइल नंबर को अपडेट करें : कलेक्टर चौहान

- आंगनबाड़ी कार्यालय और परियोजना कार्यालय में हितग्राही 8 मार्च तक करा सकते हैं मोबाइल नंबर अपडेट

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर के.एल. चौहान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कार्यों की प्रगति के लिए समय सीमा का बैठक लिया। जिले के आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत संचालित आश्रम-छात्रावास का निरीक्षण करने जिन अधिकारियों की ड्यूटी है, वे बालक-बालिकाओं को जागरूक करने के साथ साथ खाने-पीने, रहने या अन्य व्यवस्था का रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए चौहान ने कहा। बैठक में कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आशीष बैनर्जी को आश्रम-छात्रावास में एक पॉस्को बॉक्स रखने के निर्देश दिए। बॉक्स में प्राप्त आवेदनों पर विद्यालय समिति एवं जिला स्तर के समिति तक इसका जांच किया जाएगा।

कलेक्टर चौहान ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी बृजेन्द्र ठाकुर से महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के संबंध में जानकारी लिया। ठाकुर ने कहा कि हितग्राही जिन्होंने अपने ऑनलाइन या ऑफलाइन फार्म में बैंक से जुड़े मोबाइल नंबर नहीं दिया है, उनको फार्म में सुधारने के लिए 8 मार्च तक का समय है। कलेक्टर ने हितग्राहियों को कहा कि वे अपने नजदीकी आंगनबाड़ी कार्यालय और परियोजना कार्यालय से इस संबंध में संपर्क कर अपने मोबाइल नंबर को अपडेट कर सकते हैं, जिससे उनका पैसा उनके बैंक खाता में सीधा आए। कलेक्टर चौहान ने राजस्व प्रकरणों, अवैध कब्जा और अतिक्रमण पर तत्काल कार्यवाही के लिए तहसीलदार, सीएमओ को निर्देशित किए। चौहान ने खाद्य अधिकारी को कहा कि किसी राशन दुकान को बंद किया जाता है तो उस दुकान का राशन आबंटन नजदीकी दूसरे राशन दुकान में तत्काल करें ताकि उस दुकान के हितग्राही को नजदीक में ही राशन मिले।

रेशमी धागों ने महिलाओं के जीवन में लाई खुशियां

- कृमिपालन और कोसा उत्पादन से समूह की महिलाएं बनी स्वावलंबी

रायपुर। स्व सहायता समूह की महिलाएं स्वावलंबन की डगर पर आगे बढ़ रही है। रेशम विभाग के कोसा कृमिपालन से जुड़कर आत्मनिर्भर भी बन गई है। जांजगीर चांपा जिले के विकास खंड पामगढ़ के ग्राम खोरसी की महिलाएं अमरीका साहू, संतोषी साहू, निशा साहू, छटबाई साहू, दुलेशवरी साहू, चंद्रीका साहू ने अर्जुन के पेड़ों पर रेशम से कृमिपालन से कोसाफल उत्पादन का काम शुरू किया है। महिलाओं ने बताया कि पहले अपने खेतों में खरीफ की फसल लेने के बाद सालभर मजदूरी की तलाश में रहते थे। आज महिलाओं की आंखों में सफलता की खुशी साफ नजर आ रही है। महिलाओं ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद।

समूह की महिलाओं ने बताया कि रेशम विभाग के मार्गदर्शन में कोसा कृमिपालन स्वावलंबन समूह खोरसी से सभी महिलाओं ने जुड़कर कृमिपालन और कोसाफल का उत्पादन, संग्रहण का कार्य शुरू किया। महिलाओं ने 3 सालों में लगभग 3 लाख रुपए की अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर ली है। विभागीय योजना एवं मनरेगा अंतर्गत 6 लाख 66 हजार की लागत से 10 हेक्टेयर में 41 हजार साजा और अर्जुन के पौधे रोपे गए हैं। वर्तमान में पौधे लगभग 6 से 8 फीट के हरे भरे पेड़ बन चुके हैं। महिलाएं प्रतिवर्ष 1 लाख रूपये तक की आमदनी अर्जित कर रही है। रेशम विभाग द्वारा महिलाओं से कृमिपालन और कोसाफल उत्पादन का कार्य करवाया जा रहा है। विभाग द्वारा प्रशिक्षण भी दिलाया गया है। महिलाएं पूरी तरह से इस काम में दक्ष हो गई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

राजिम कुंभ कल्प मेला-2024 : आस्था, अध्यात्म और संस्कृति का त्रिवेणी संगम

- राजिम कुंभ कल्प मेला का अंचल में अपना एक विशेष महत्व
- प्रतिवर्ष हजारों के संख्या में नागा साधु सहित अन्य संत विशेष पर्व स्नान तथा संत समागम में होते हैं शामिल

गरियाबंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में स्थित पवित्र धार्मिक नगरी त्रिवेणी संगम राजिम में प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक 15 दिनों का मेला लगता है। राजिम में तीन नदियों का संगम है इसलिए इसे त्रिवेणी संगम भी कहा जाता है, यहाँ मुख्य रूप से तीन नदियां बहती है, जिनके नाम क्रमश: महानदी, पैरी नदी तथा सोंढूर है। संगम स्थल पर कुलेश्वर महादेव जी विराजमान है। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2001 से राजिम मेले को राजीव लोचन महोत्सव के रूप में मनाया जाता था, वर्ष 2005 से इसे और भव्य रूप के साथ राजिम कुंभ कल्प मेला के रूप में मनाया जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन धर्मस्व एवं पर्यटन विभाग एवं स्थानीय आयोजन समिति के तत्वाधान में होता है। मेला की शुरुआत कल्पवाश से होती है। पखवाड़े भर पहले से श्रद्धालु पंचकोशी यात्रा प्रारंभ कर देते हैं। पंचकोशी यात्रा में श्रद्धालु पटेश्वर, फिंगेश्वर, ब्रम्हनेश्वर, कोपेश्वर तथा चम्पेश्वर नाथ के पैदल भ्रमण कर दर्शन करते है तथा धुनी रमाते है। 101 कि?मी? की यात्रा का समापन होता है और माघ पूर्णिमा से मेला का आगाज होता है। राजिम कुंभ कल्प मेला में विभिन्न जगहों से हजारों साधू संतो का आगमन होता है, प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में नागा साधू सहित अन्य संत आदि आते है और विशेष पर्व स्नान तथा संत समागम में भाग लेते है। प्रतिवर्ष होने वाले इस मेला में विभिन्न राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं और भगवान राजीव लोचन व कुलेश्वर नाथ महादेव जी के दर्शन कर अपना जीवन धन्य मानते है। लोगों में मान्यता है की भगवान जगन्नाथपुरी जी की यात्रा तब तक पूरी नहीं मानी जाती जब तक भगवान राजीव लोचन तथा कुलेश्वर नाथ के दर्शन नहीं कर लिए जाते, राजिम कुंभ कल्प मेला का अंचल में अपना एक विशेष महत्व है।

राजिम अपने आप में एक विशेष महत्व रखने वाला एक छोटा सा शहर है राजिम गरियाबंद जिले का एक तहसील है। प्राचीन समय से राजिम अपने पुरातत्वों और प्राचीन सभ्यताओं के लिए प्रसिद्ध है। राजिम मुख्य रूप से भगवान राजीव लोचन जी के मंदिर के कारण प्रसिद्ध है। राजिम का यह मंदिर आठवीं शताब्दी का है। यहाँ कुलेश्वर महादेव जी का भी मंदिर है। जो संगम स्थल पर विराजमान है। राजिम में यह मेला प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चलता है। इस दौरान प्रशासन द्वारा विविध सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।